SI Code: **206**

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2018 (ANNUAL)

## NLH-HINDI (SIL)

## द्वितीय भारतीय भाषा – हिन्दी

कुल प्रश्नों की संख्या: 56 | कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या: 08

**Total No. of Questions: 56** | **Total No. of Printed Pages: 08**

(समय: 3 घंटे 15 मिनट) | (पूर्णांक: 100)

[Time: 3 Hrs. 15 Minutes] | [Full Marks: 100]

---

*परीक्षार्थियों के लिये निर्देश:–*

**Instructions for the candidate:**

1. *परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
2. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
3. *इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
4. *यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड – अ एवं खण्ड – ब ।*
5. *खण्ड - अ में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है, सभी प्रश्न अनिवार्य है। (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है) इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR – शीट में दिये गये वृत को काले/नीले बॉल पेन से भरें । किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर पत्रिका में प्रयोग करना मना है, अथवा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।*
6. *खण्ड – ब में कुल 6 गैर वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित है।*
7. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड – अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 50 में दिये गये विकल्पों में से एक विकल्प सही है। सही विकल्प को चुनें और ओ. एम. आर. सीट पर भरें।** **(50×1=50)**

1. 'पीपल' पाठ की विधा है –
   (A) कहानी (B) निबंध
   (C) डायरी (D) कविता

2. 'रामधारी सिंह दिनकर' द्वारा रचित पाठ है –
   (A) ईर्ष्या - तू न गई मेरे मन से (B) ईदगाह
   (C) ठेस (D) सुदामा चरित

3. 'तू जिन्दा है तो .......... द्वारा रचित पाठ है –
   (A) कबीरदास (B) शंकर शैलेन्द्र
   (C) अरुण कमल (D) रामवृक्ष बेनीपुरी

4. निम्नलिखित पाठ में निबंध है –
   (A) बच्चे की दुआ (B) हौसले की उड़ान
   (C) पीपल (D) ठेस

5. मूलरूप से रामधारी सिंह 'दिनकर' हैं –
   (A) उपन्यासकार (B) कहानीकार
   (C) निबंधकार (D) कवि

6. 'सज्जन' में ........................ संधि होगी –
   (A) स्वर संधि (B) व्यंजन संधि
   (C) विसर्ग संधि (D) इनमें से कोई नहीं

7. 'दीनानाथ' में ..............समास है –
   (A) कर्म तत्पुरुष (B) करण तत्पुरुष
   (C) संबंध तत्पुरुष (D) अधिकरण तत्पुरुष

8. मोहसिन के पास कितने पैसे हैं?
   (A) पन्द्रह (B) दस
   (C) आठ (D) पाँच

9. हामिद की दादी का नाम है –
   (A) शकीना (B) अमीना
   (C) रबीना (D) सकीना

10. 'वीर शिवाजी की गाथाएँ उसको याद जबानी थी' काव्य पंक्ति है –
    (A) 'झाँसी की रानी' से (B) 'पीपल' से
    (C) 'कर्मवीर' से (D) 'बिहारी के दोहे' से



BiharboardQuestionpaper.com

11. झाँसी की रानी ने लड़ाई लड़ी –
(A) औरंगजेब से
(B) शाहजहाँ से
(C) अकबर से
(D) अंग्रेजों से

12. कर्पूरी ठाकुर का जन्म किस राज्य में हुआ?
(A) बंगाल
(B) उत्तर प्रदेश
(C) उड़ीसा
(D) बिहार

13. द्वंद्व समास मे –
(A) पूर्व पद प्रधान होता है
(B) उत्तर पद प्रधान होता है
(C) दोनों पद प्रधान होते हैं
(D) कोई पद प्रधान नही होता

14. 'अधखिला' में उपसर्ग है –
(A) अ
(B) अध
(C) ला
(D) खिला

15. खेमा कितने वर्ष का दिखता था?
(A) सात–आठ वर्ष का
(B) नौ–दस वर्ष का
(C) आठ–नौ वर्ष का
(D) दस–ग्यारह वर्ष का

16. 'मुक्ताकाशी' होटल का मालिक था –
(A) कसारा
(B) फकीरा
(C) दिलबहादुर
(D) रामलाल

17. 'दीनबन्धु' किसके नाम के साथ जोड़ा गया है?
(A) मुक्तिबोध
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) निराला
(D) सुमित्रानंदन पंत

18. कवि के अनुसार पीपल के पत्ते का आकार है –
(A) गोल
(B) लम्बा
(C) त्रिकोण
(D) पतला

19. 'सपूत' मे उपसर्ग है –
(A) त
(B) पूत
(C) स
(D) सपू

20. 'इन' प्रत्यय से बना सही विकल्प है –
(A) भिखारिन
(B) सामाजिक
(C) सरकारी
(D) सम्पादित

21. संजू पिकनिक मनाने गयी –
(A) 4 जनवरी 97
(B) 3 जनवरी 97
(C) 5 जनवरी 97
(D) 8 जनवरी 97


BiharboardQuestionpaper.com

22. 'मोको कहाँ ढूंढे, बंदे मै तो तेरे पास में' प्रस्तुत पंक्ति उद्धृत है –

(A) बिहारी के दोहे से
(B) पीपल से
(C) कबीर के पद से
(D) झाँसी की रानी से

23. 'मोको' का अर्थ है –

(A) उसका
(B) इसका
(C) मुझको
(D) तुम्हारा

24. 'तुम्हारी निंदा वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की है' यह पंक्ति है–

(A) महात्मा गाँधी की
(B) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर की
(C) दिनकर की
(D) निराला की

25. 'यार, ये तो बाजार की मक्खियाँ है जो अकारण हमारे चारो ओर भिनभिनाया करती है' यह पंक्ति है –

(A) माओत्से तुंग की
(B) लेनिन की
(C) नीत्से की
(D) कार्ल मार्क्स की

26. सैनिकों को तलवार फैंकने का आदेश किसने दिया?

(A) अशोक ने
(B) पद्मा ने
(C) लक्ष्मीबाई ने
(D) सेनापति ने

27. 'बच्चे की दुआ एक –

(A) निबंध है
(B) महाकाव्य है
(C) छंदमुक्त कविता है
(D) प्रार्थना गीत है

28. सही वर्तनी है –

(A) औषधि
(B) औसधि
(C) ओसधि
(D) ओषधि

29. गलत वर्तनी है –

(A) आशीर्वाद
(B) आर्शीवाद
(C) अभिलाषा
(D) प्रकृति

30. 'चमन' का अर्थ है –

(A) आकाश
(B) नदी
(C) मरुस्थल
(D) फुलवारी

31. 'सिरचन' जाति का ................................ है –

(A) वैश्य
(B) कहार
(C) ब्राह्मण
(D) कारीगर

32. सिरचन को लोग समझते हैं –

(A) चटोर
(B) बहादुर
(C) बेईमान
(D) नेता


BiharboardQuestionpaper.com

33. पुरुलिया रोड से हुंडरु की दूरी है –
(A) 03 मील
(B) 13 मील
(C) 23 मील
(D) 33 मील

34. 'रूआँसा होना' वाक्य के लिए सही मुहावरा होगा –
(A) गला भरना
(B) चेहरा तमतमाना
(C) मुँह लटकाना
(D) लाल–पीला होना

35. 'लातों के भूत बातों से नहीं मानते' लोकोक्ति का सही अर्थ है –
(A) भूत को लातों से भगाना
(B) मंत्र से भूत भगाना
(C) दुर्जन लोग बिना दंड के नहीं मानते
(D) इनमें से कोई नहीं

36. स्वर्ण रेखा एक ........................ है –
(A) झरना
(B) नदी
(C) झील
(D) तालाब

37. हुंडरु का पानी ........................ की तरह चक्कर काटता है –
(A) बिल्ली
(B) चूहा
(C) नेवला
(D) साँप

38. बालगोबिन भगत के कितने बेटे है?
(A) एक
(B) दो
(C) तीन
(D) चार

39. बालगोबिन भगत का बेटा –
(A) बुद्धिमान था।
(B) सुस्त था।
(C) मोटा था।
(D) दुबला–पतला था।

40. 'साँप' का पर्यायवाची है
(A) कृशानु
(B) वैश्वानर
(C) अमिय
(D) उरग

41. 'हवा' का पर्यायवाची नहीं है
(A) पवमान
(B) वह्नि
(C) वात
(D) समीर

42. अपने बेटे के मरने पर बालगोबिन भगत–
(A) रोने लगे
(B) बेहोश हो गये
(C) गाने लगे
(D) सर पीटने लगे

43. सन 1967 में बिहार के उपमुख्यमंत्री बने –
(A) श्री कृष्ण सिंह
(B) जगन्नाथ मिश्र
(C) कर्पूरी ठाकुर
(D) लालू प्रसाद



BiharboardQuestionpaper.com

44. अगरबत्ती बनाने वाले लोगों पर लिखी गयी कविता है –

(A) पीपल

(B) तू जिन्दा है तो

(C) बच्चे की दुआ

(D) खुशबू रचते हैं हाथ

45. 'स्वागत' का विलोम है –

(A) दुत्कार

(B) परिष्कार

(C) बेकार

(D) इनमें से कोई नहीं

46. 'कृतज्ञ' निम्नलिखित में से किसका विलोम है?

(A) कृतघ्न

(B) आभार

(C) सत्कार

(D) इनमें से कोई नही

47. 'स्वदेश' उदाहरण है –

(A) रूढ़ का

(B) योगरूढ़ का

(C) यौगिक शब्द का

(D) तद्भव का

48. पद्मा का संबंध है –

(A) बक्सर की लड़ाई से

(B) 1857 की क्रान्ति से

(C) कलिंग युद्ध से

(D) प्लासी की लड़ाई से

49. 'ठेस' कहानी का पात्र है –

(A) हामिद

(B) बालगोबिन भगत

(C) सिरचन

(D) इनमें से कोई नहीं

50. किताबें पढ़ने का शौक है –

(A) बालगोबिन भगत को

(B) हामिद को

(C) कसारा को

(D) संजू को

## खण्ड – ब

## गैर वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में दीजिए– (5×2=10)

धर्म एक व्यापक शब्द है। मजहब, मत, पंथ या संप्रदाय सीमित रूप हैं। संसार के सभी धर्म मूल रूप से एक ही हैं। सभी मनुष्य के साथ सद्व्यवहार सिखाते हैं। ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं। सभी प्राणियों में एक प्राण स्पंदन होता है। उनके रक्त का रंग भी एक जैसा ही है। आकृति और वेशभूषा और रीति-रिवाज एवं नाम ये सभी ऊपरी वस्तुएं हैं। ईश्वर ने मनुष्य या इंसान को बनाया है और इंसान ने बनाया है धर्म या मजहब को। ध्यान रहे, मानवता या इंसानियत से बड़ा धर्म या मजहब कोई नहीं। वह मिलना सिखाता है, अलगाव नहीं। धर्म तो एकता का द्योतक है अनेकता का नहीं।



BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न –

(क) मजहब, मत, पंथ या संप्रदाय किसका सीमित रूप है?

(ख) संसार के सभी धर्म हमें क्या सिखाते हैं?

(ग) सभी प्राणियों में मूलतः क्या समानता है?

(घ) ऊपरी वस्तु क्या है और क्यों?

(ङ) धर्म किसका द्योतक है?

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर 40–50 शब्दों में दीजिए– (5×2=10)

किसी भी राष्ट्र के विकास के मूल में वहाँ की भाषा होती है क्योंकि स्व–भाषा व स्व–संस्कृति से ही किसी राष्ट्र का उत्थान होता है। हर विकसित देश में वहाँ की राष्ट्रभाषा व राजभाषा ही शिक्षा का माध्यम होती है। विदेशी भाषा चाहे कितनी ही समृद्ध क्यों न हो, उसमें अपनेपन की गंध नहीं मिलती। इसलिए बालक को उसी की भाषा में ज्ञान–विज्ञान की शिक्षा दी जाती है। हमारे देश में भी कई बार अनेक शिक्षाविदों ने मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की सलाह दी, क्योंकि मातृभाषा ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा बालक किसी भी चीज का ज्ञान ग्रहण करने में समर्थ होता है। यही कारण है कि महात्मा गाँधी ने भी 'बुनियादी शिक्षा' के अपने विचारों के अंतर्गत मातृभाषा को ही शिक्षा के माध्यम के रूप में स्वीकार किया है। उनके अनुसार, मातृभाषा एक ऐसी भाषा होती है जो मानव को पैतृक विरासत के रूप में प्राप्त होती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में राजभाषा हिन्दी के होते हुए भी लोगों का रुझान अंग्रेजी भाषा की तरफ है।

(क) किसी भी राष्ट्र की प्रगति किस पर निर्भर करती है?

(ख) शिक्षाविदों ने किस भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाने की सलाह दी है?

(ग) बालक किस भाषा के माध्यम से किसी भी चीज का ज्ञान ग्रहण करने में समर्थ होता है?

(घ) महात्मा गाँधी ने बुनियादी शिक्षा के अन्तर्गत क्या कहा?

(ङ) भारतवर्ष के लिए क्या दुर्भाग्यपूर्ण है?

3. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिये गये संकेत–बिन्दुओं के आधार पर 250–300 शब्दों में निबंध लिखिए – (10)

(क) अल्बर्ट आइंस्टीन

संकेत बिन्दु:–

(i) भूमिका

(ii) प्रारंभिक जीवन

(iii) संघर्षों का सामना

(iv) मुख्य आविष्कार

(v) उपसंहार

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर–की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट–अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..



BiharboardQuestionpaper.com

(ख) मेरे प्रिय अभिनेता

संकेत बिन्दु:-

(i) भूमिका
(ii) अभिनेता के गुण
(iii) उनके अभिनय का समाज पर प्रभाव
(iv) उपसंहार

(ग) सत्संगति

संकेत बिन्दु:-

(i) भूमिका
(ii) सत्संगति के अर्थ
(iii) सत्संगति से लाभ
(iv) उपसंहार

(घ) जनसंख्या विस्फोट

(i) भूमिका
(ii) जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणाम
(iii) जनसंख्या विस्फोट के कारण
(iv) जनसंख्या विस्फोट के निदान
(v) उपसंहार

(ङ) ईद

संकेत बिंदु:-

(i) भूमिका
(ii) ईद मनाने के कारण
(iii) ईद मनाने के तरीके
(iv) उपसंहार

4. अपने विद्यालय की व्यवस्था का वर्णन करते हुए अपनी माँ के पास 100-150 शब्दों में पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

वृक्षों की कटाई का वातावरण पर दुष्प्रभाव से संबंधित दो मित्रों के बीच संवाद लिखें।

5. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए - (5×2=10)

(क) चिमटा देखकर अमीना के मन में कैसा भाव आया?
(ख) कर्मवीर किसे कहा जा सकता है?
(ग) हुंडरु का झरना कैसे बना है?
(घ) दुर्जन के साथ रहने से अच्छी बुद्धि नहीं मिल सकती। कैसे?
(ङ) सिरचन कैसा व्यक्ति था?
(च) पद्मा के ललकारने पर भी अशोक ने युद्ध करना स्वीकार क्यों नही किया?
(छ) खेमा कसारा के होटल पर काम क्यों करता था?
(ज) ईर्ष्या का लाभदायक पक्ष क्या हो सकता है?

6. 'खुशबू रचते हैं हाथ' शीर्षक कविता के भाव 100-150 शब्दो में स्पष्ट करें। (5)

**अथवा**

महाकवि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' के संबंध में अपने विचार लिखें।

---



BiharboardQuestionpaper.com